# गांधी सेतु के दोनों अप्रोच पथों पर बनेंगे जंक्शन, जाम से मिलेगी राहत : मंत्री

**बैठक में निर्णय**

संवाददाता, पटना

**राजधानी** को जाम से निजात दिलाने और महात्मा गांधी सेतु पर यातायात को सुगम बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है. सोमवार को पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन की अध्यक्षता में विभागीय कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई समीक्षा बैठक में सेतु के दोनों अंतिम बिंदुओं बीएसएनएल चौक और पहाड़ी के पास जंक्शन बनाने का निर्णय लिया गया. इससे जाम की पुरानी समस्या का स्थायी समाधान निकाला जायेगा. पथ निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि गांधी सेतु के दोनों अप्रोच पथों को जाममुक्त करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करें. उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्रालय और एनएचएआइ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक बुला कर सभी तकनीकी मानकों का ध्यान रखते हुए समाधान निकाला जाये. उन्होंने अधिकारियों और संवेदकों को निर्देश दिया कि कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा किया जाये.

बैठक में विभागीय सचिव बी कार्तिकेय धनजी, क्षेत्रीय पदाधिकारी विष्णु मूर्ति, अभियंता प्रमुख सुनील कुमार, बिहार राज्य पुल निगम के एमडी जितेंद्र कुमार, एनएच (दक्षिण) के मुख्य अभियंता उमाकांत रजक, एनएच (उत्तर) के मुख्य अभियंता उमाशंकर प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

## बीएसएनएल चौक व पहाड़ी के पास बनेंगे ये जंक्शन



समीक्षा बैठक करते पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन.

## एडवांस ट्रैफिक मॉनीटरिंग सिस्टम भी लगेगा

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जाम की स्थिति पर निगरानी के लिए एडवांस ट्रैफिक मॉनीटरिंग सिस्टम भी लगाया जायेगा, ताकि ट्रैफिक की रियल टाइम निगरानी हो सके और किसी भी स्थिति से तत्काल निबटा जा सके. बैठक के दौरान नितिन नवीन ने यह भी बताया कि राज्य में कई सड़क परियोजनाओं की डीपीआर तैयार की जा चुकी है और अब वे धरातल पर उतरने को तैयार हैं.